(iii) टिहरी हाइड्रो कांप्लेक्स की शुरुआत सत्तर के दशक के मध्य में उत्तर प्रदेश राज्य की सरकार के सिंचाई विभाग द्वारा की गई थी। चूंकि परियोजना के क्षेत्र में वन क्षेत्र भी शामिल था इसलिए वन भूमि के गैर वन प्रयोजन के लिए विपथन (डायवर्जन) हेतु अनुमति पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार से मांगी गई थी। पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार ने सचिव, वन, उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित अपने 9 जून, 1987 के पत्र संख्या 8–32/06–एफ द्वारा टिहरी बांध के निर्माण के लिए 2582.9 हेक्टेयर वन भूमि (2311.4 हेक्टेयर सिविल सोयम भूमि तथा 271.50 हेक्टेयर रिजर्व वन भूमि) के डायवर्जन की अनुमति दे दी थी। पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार के 24/25 जून, 2004 के पत्र सं. 8/32/86–एफ सी द्वारा उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए मुख्य सचिव, वन, उत्तरांचल सरकार को निदेश दिया गया था कि जलमग्नता से मुक्त की गई वन भूमि को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 4 या धारा 29 या राज्य वन अधिनियम के तहत रिजर्व फोरेस्ट/प्रोटेक्टेड फारेस्ट घोषित करें। उपरोक्त तथ्यों को देखते हुए उक्त भूमि का दाखिल खारिज कपंनी के नाम नहीं किया जा सकता। कथित भूमि, रिजर्व फारेस्ट/प्रोटेक्टेड फारेस्ट के रुप में राज्य सरकार की संपत्ति बनी रहती है। पर्यावरण और वन मंत्रालय से अनुमति के आधार पर बांध रिजर्वायर का पानी उक्त क्षेत्र में जलमग्न होने दिया जा रहा है जिसे रिजर्व फारेस्ट घोषित कर दिया गया है।

44.429 हेक्टेयर सिविल सोयम भूमि पर वन संरक्षण अधिनियम के अध्यधीन टिहरी हाइड्रो परियोजना के अभिन्न अंग की आवश्यकता के रुप में भंडार, कर्मशाला, कर्मचारी क्वार्टर तथा अन्य जनोपयोगी सुविधाओं का निर्माण किया गया था। तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई विभाग द्वारा जारी दिनांक 29.05.1989 के कार्यालय आदेश संख्या 585/टिहरी डेम प्रोजेक्ट/23–सी–4/टी–18 पर निर्भर रहते हुए (टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के पक्ष में सिंचाई विभाग की परिसंपत्तियों को अंतरित करने के लिए जारी) कंपनी उक्त परिसंपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है।

7. कंपनी द्वारा अधिग्रहीत की गई भूमि पर निर्मित किए गए 27 फ्लैट (गत वर्ष 28 फ्लैट तथा 01.04.2015 को 30 फ्लैट) विभिन्न लोगों के अनधिकृत कब्जे में है। फ्री होल्ड भूमि में सौटियाल गांव में स्थित 0.458 हेक्टेयर की भूमि भी शामिल है जिस पर अनाधिकृत लोगों ने कब्जा कर रखा है।

8. (क) टीएचडीसीआईएल ने एसबीआई के नेतृत्व वाले सहायता संघ (कंसोर्टियम) के साथ निर्माणाधीन टिहरी पीएसपी के वास्ते रू. 1,50,000 लाख के दीर्घावधि ऋण हेतु अनुबंध किया। इस परियोजना को फरवरी 2016 तक पूरा किया जाना था परियोजना की पूर्णता अवधि को पुनः निर्धारित किया गया और इसे यथासंभव शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने हेतु प्रयास किए गए। मूल ऋण अनुबंध की शर्तों के अनुसार समग्र ऋणराशि का फरवरी, 2016 तक आहरण किया जा सकता था तथा अगस्त 2016 से पुनर्भुगतान करना तय था। चूंकि समस्त स्वीकृत राशि का आहरण नहीं किया गया तथा कमीशनिंग (पूर्णता) अवधि को भी पुनः निर्धारित किया गया, इसीलिए टीएचडीसीआईएल ने ऋणदाता संस्थानों से फरवरी 2018 तक संवितरण अवधि बढ़ाने और तदनुसार पुनर्भुगतान सूची निर्धारित करने के लिए औपचारिक पुष्टि करने का अनुरोध किया। टीएचडीसीआईएल के अनुरोध पर विचार करते हुए ऋणदाताओं ने निधि जारी कर दी। संपूर्ण आहरित ऋण राशि को दीर्घावधि ऋण के रूप में मान्य करने संबंधी औपचारिक सूचना प्राप्त होने तक कोई पुनर्भुगतान देय नहीं हुआ।

(ख) विश्व बैंक के साथ 648 मिलियन अमेरिकी डालर वर्तमान में निर्माणाधीन वीपीएचईपी (विष्णुगाड पीपलकोटी हाइड्रो इलैक्ट्रिक परियोजना) को निधि 2012 से 2017 के मध्य संवितरण हेतु उपलब्ध कराने संबंधी वित्तीय अनुबंध किया गया। टीएचडीसीआईएल ने 31 मार्च, 2017 तक 92.6 मिलियन अमेरिकी डालर का ही आहरण किया है। परियोजना की धीमी प्रगति के कारण संवितरण अनुसूची को भी 2020 (2012 से 2020 तक) बढ़ाने की आवश्यकता है।

इस अनुबंध के अनुसार 46 समान छमाही किस्तों में पुनर्भुगतान किया जाना है जिसकी पहली किस्त का भुगतान नवंबर, 2017 में किया जाएगा। संवितरण अनुसूची के विस्तार के परिणामस्वरूप पुनर्भुगतान नवंबर 2020 तक स्थगित करना अपेक्षित है।

टीएचडीसीआईएल ने विश्व बैंक से संवितरण अनुसूची का विस्तार तथा उपरोक्त वर्णित पुनर्भुगतान अनुसूची के स्थगन करने का अनुरोध किया है। परियोजना स्थल का दौरा करने वाले विश्व बैंक के दल को भी इससे अवगत करा दिया गया। औपचारिक स्वीकृति प्राप्त होने तक, आहरित संपूर्ण ऋण राशि को दीर्घकालिक ऋण माना गया है।

ग) कंपनी ने कारपोरेट बांड के आधार पर निजी बाजार से 60,000 लाख रूपये जुटाए। व्यय न की गई रू. 25037 लाख की राशि अलग बैंक एकाउंट में अलग रख दी गई है।

9. सम्बद्ध पक्षकार प्रकटन :

भारतीय लेखांकन मानक 24 द्वारा यथापेक्षित ''संबद्ध पक्षकार प्रकटीकरण'' इस प्रकार है–

क) सम्बद्ध पक्षकारों की सूची

i) प्रमुख प्रबंध कार्मिक

1. श्री आर एस टी शाई *	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
2. श्री डी. वी. सिंह **	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
3. श्री डी. वी. सिंह *	निदेशक (तकनीकी)
3. श्री एस के बिस्वास	निदेशक (कार्मिक)
4. श्री श्रीधर पात्रा	निदेशक (वित्त)
5. श्री एस.क्यू. अहमद	कंपनी सचिव
6. सुश्री रश्मि शर्मा*	कंपनी सचिव

(*) 30.11.2016 तक

(**) 01.12.2016 से

(#) 27.04.2017 से

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के अंतर्गत टीएचडीसीआईएल के सीएसआर दायित्वों को हाथ में लेने के लिए कंपनी प्रायोजित सेवा–टीएचडीसी लाभ के लिए नहीं, सोसाइटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत की गई।

ख) संबद्ध पक्षकारों के साथ लेन–देन का सारांश (अनुबंधित जिम्मेदारियों को छोड़ कर) – सीएसआर गतिविधियों के लिए सेवा–टीएचडीसी को 1528 लाख रूपये संवितरित किए गए।

ग) प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों को प्रदत्त पारिश्रमिक और भत्ते तथा अन्य लाभ और व्यय तथा स्वतंत्र निदेशकों की फीस तथा व्यय 246 लाख रु. (गत वर्ष 273 लाख रु.) है।

घ) संयुक्त उपक्रम कंपनियां– शून्य

10. प्रति शेयर आय (ईपीएस) – बेसिक और डायल्यूटेड

प्रति शेयर आय की गणना के लिए विचार किए जाने वाले तत्व (बेसिक और डायल्यूटेड) इस प्रकार हैं:

	2016-17	2015-16
करोपरांत निवल लाभ जिसका प्रयोग न्यूमरेटर के रूप में हुआ है (रूपए लाख में)	₹ 71123	₹ 81701
इक्विटी शेयरों की औसत भारित संख्या जिन्हें डिनोमीनेटर के रूप में प्रयोग किया	बेसिक:35767611.74 डायल्यूटेड:35767611.74	बेसिक: 35442531.17 डायल्यूटेड: 35442531.17
प्रतिशेयर आय रुपये बेसिक डायल्यूटेड	₹ 198.85 ₹ 198.85	₹ 230.52 ₹ 230.52
प्रति शेयर अंकित मूल्य	₹ 1000	₹ 1000

11. भारतीय लेखांकन मानक ''आय पर करों' के अनुपालन में भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी रू. 8286 लाख (गत वर्ष 16860 लाख रुपये तथा 01.04.2015 को रू. 13686 लाख) जो कि आस्थगित कर परिसंपत्तियों में निवल वृद्धि दर्शाता है, को लाभ एवं हानि विवरण में बुक किया गया है। 31 मार्च, 2009 तक की आस्थगित कर परिसंपत्तियां लाभग्राहियों को वापसी योग्य है, उसके पश्चात यह सीईआरसी विनियम 2009–2014 के अनुसार चालू करों का भाग है और वापसी योग्य नहीं है। संचयी आस्थगित कर देयताओं/परिसंपत्तियों का मदवार ब्यौरा निम्नानुसार है:

रुपये लाख में

क्र. सं.		31.03.2017	31.03.2016	01.04.2015
	आस्थगित कर परिसंपत्तियां (क)			
i)	बही मूल्यह्रास तथा कर मूल्यह्रास का अंतर	51988	44693	37216
ii)	प्रारंभिक भारतीय लेखांकन मानक समायोजन	487	487	
iii)	ओसीआई को वगीकृत वास्तविक लाभ/हानि	143		
iv)	मूल्यह्रास के बावत अग्रिम को कर गणना में आय के रूप में माना जाए	6837	6837	6837
v)	संदिग्ध ऋणों एवं भंडार के लिए प्रावधान	12453	13064	4460
vi)	कर्मचारी हितलाभ योजनाओं के लिए प्रावधान	8321	6862	6570
	कुल आस्थगित कर परिसंपत्तियां(क)	**80229**	**71943**	**55083**
	आस्थगित कर देयता (ख)			
i)	बही मूल्यह्रास तथा कर मूल्यह्रास का अंतर	3572	3572	3572
ii)	मूल्यह्रास के बावत अग्रिम को कर गणना में आय के रूप में माना जाए	-472	-472	-472
iii)	संदिग्ध ऋणों एवं भंडार के लिए प्रावधान	-1	-1	-1
iv)	कर्मचारी हित लाभ योजनाओं के लिए प्रावधान	-124	-124	-124
	कुल आस्थगित कर देयता (ख)	2975	2975	2975
	निवल आस्थगित कर देयता (परिसम्पत्तियां) (क)–(ख)	**77254**	**68968**	**52108**

12. (i) कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) से संबंधित प्रकटन

(क) कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के अंतर्गत टीएचडीसीआईएल के सीएसआर दायित्वों को हाथ में लेने के लिए सोसाइटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत, कंपनी प्रायोजित लाभ निरपेक्ष, सेवा–टीएचडीसी, के माध्यम से व्यय किए गए सीएसआर खर्च का ब्यौरा इस प्रकार है।

क्रम सं.	सीएसआर व्ययों के लिए गठित व्यय–शीर्ष	रूपए लाख में
01	स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल, पेय जल	166
02	शिक्षा एवं कौशल विकास	633
03	सामाजिक कल्याण	15
04	वन एवं पर्यावरण, पशु कल्याण आदि	153
05	कला एवं संस्कृति, सार्वजनिक पुस्तकालय	31
06	ग्रामीण विकास परियोजनाएं	495
07	अन्य	42
	योग	**1535**

** टीएचडीसीआईएल के द्वारा रू. 1528 लाख के योगदान तथा वर्ष के दौरान ब्याज की आय रू. 7 लाख से 'सेवा' द्वारा किया गया व्यय।

(ख) कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के प्रावधान के अनुसार 1528 लाख रू. (गत वर्ष 1335 लाख रूपए) की तुलना में चालू वित्त वर्ष के दौरान सीएसआर खर्च के रूप में रू. 1528 लाख (गत वर्ष 1335 लाख रूपए) की राशि खर्च की, जो पूर्ववर्ती 3 वित्त वर्षों के औसत निवल लाभ 2% के बराबर है।

(ग) (i) कंपनी के द्वारा वर्ष 2015–2016 के दौरान नकद रूप से तथा कंपनी द्वारा सेवा–टीएचडीसी को खर्च की प्रकृति (पूंजी या राजस्व) के साथ नकद रूप से भुगतान किए जाने वाले खर्च का विवरण निम्नानुसार है।–

(रू. लाख में)

	नकद राशि	अभी भुगतान किया जाना है	योग
(i) किसी परिसंपत्ति का निर्माण/अधिग्रहण		0	
(ii) (i) के अतिरिक्त अन्य प्रयोजन पर	1528	0	1528

(ii) अनुसंधान एवं विकास व्यय से संबंधित प्रकटन
कंपनी ने वर्ष 2016–17 के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित आर एंड डी योजना के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान अनुसंधान एवं विकास पर 434 लाख रूपये (गत वर्ष 345 लाख रू.) व्यय किए।

13. एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 के अंतर्गत आपूर्तिकर्ताओं/सेवा प्रदाताओं को 1 लाख रू. (गत वर्ष 37 लाख रू. तथा 01.04.2015 को ''शून्य'' रूपये) की मूल राशि का भुगतान नहीं किया गया।

14. कंपनी ने कर्मचारियों/कार्यालयों/अतिथि गृहों/अस्थायी शिविरों और वाहनों के लिए पट्टे/किराए पर परिसर लिए हैं। पट्टे पर लिए गए ये प्रबंध आमतौर पर आपसी सहमत शर्तों पर नवीकरणीय है। पट्टे किराये पर लिए गए स्थानों के भुगतान के लिए राशि में 890 लाख रू. (गत वर्ष 879 लाख) शामिल है।

15.(i) कंपनी परिभाषित अंशदायी योजना के अंतर्गत ईपीएफओ द्वारा समय–समय पर घोषित नियत प्रतिशत पर परिवार पेंशन सहित नियोक्ता अंशदान का भुगतान भविष्य निधि को कर रही है। बीमांकित मूल्य रू. 'शून्य'(योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य जो वर्तमान बाध्यता मूल्य से 208 लाख रू. (पिछले वर्ष 13 लाख रू. की कमी) अधिक है, कोई गिरावट/कमी नहीं है जिसके लिए अतिरिक्त प्रावधान (गत वर्ष 13 लाख रू.) किया जाए।

(ii) ''कर्मचारियों के हित लाभ'' के संबंध में इंड एएस–19 के प्रावधानों के तहत प्रकटीकरण।

31.03.2017 को किए गए वास्तविक मूल्यांकन का प्रयोग कर चालू अवधि के लिए कर्मचारियों के हित लाभ का प्रावधान किया गया है। तद्नुसार ''कर्मचारियों के हित लाभ'' के संबंध में भारतीय लेखांकन मानक 19 के प्रावधानों के तहत 31.3.2017 को समाप्त वित वर्ष के लिए प्रकटीकरण नीचे दिया गया है :

सारणी –I निम्नलिखित पर बीमांकित मूल्यांकन के लिए प्रमुख बीमांकित अनुमान

विवरण	31.03.2017	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2014	31.03.2013
मृत्यु सारणी	आईएएलएम (2006-08)	आईएएलएम (2006-08)	आईएएलएम (2006-08)	आईएएलएम (2006-08)	एलआईसी (1994-96) विधिवत संशोधित
छूट की दर	7.50%	7.75%	8.0%	8.50%	8.0%
भावी वेतन वृद्धि	8.00%	8.00%	8.0%	6.50%	6.0%

सारणी – 2 दायित्वों के वर्तमान मूल्य (पीवीओ) में परिवर्तन

रूपए लाख में
(कोष्ठक मे दिए आंकडे नकारात्मक शेष को प्रदर्शित करते हैं।)

विवरण	उपदान	छुट्टी का नकदीकरण	सेवानिवृत्ति के बाद के चिकित्सा लाभ	अस्वस्थता अवकाश	बैगेज भत्ता / सेवानिवृत्ति अवार्ड / एफबीएस
वर्ष के आरंभ में पीवीओ	14638 {13741}	3714 {5875}	4598 {3692}	10330 {9382}	735 {632}
ब्याज लागत	1134 {1099}	288 {470}	356 {295}	801 {751}	59 {53}
सेवा लागत	1941 {703}	307 {216}	168 {135}	573 {492}	47 {43}
लाभ का भुगतान	(574) {(701)}	(579) {(3683)}	(127) {(141)}	176 {293}	(48) {(58)}
बीमांकिक (लाभ)/ हानि	(137) {205}	1668 {835}	643 {616}	861) {(1)}	12 {64}
वर्ष के अंत में पी वी ओ	17003 {14638}	5398 {3714}	5639 {4598}	12388 {10330}	805 {735}

सारणी –3 तुलन–पत्र में अभिस्वीकृत राशि

रूपए लाख में
(कोष्ठक मे दर्शाए आंकडे नकारात्मक शेष को प्रदर्शित करते हैं।)

विवरण	उपदान	छुट्टी का नकदीकरण	सेवानिवृत्ति के बाद के चिकित्सा लाभ	अस्वस्थता अवकाश	बैगेज भत्ता / सेवानिवृत्ति अवार्ड / एफबीएस
वर्ष के अंत में पीवीओ	17003 {14638}	5398 {3714}	5639 {4598}	12388 {10330}	862 {805}
वर्ष के अंत में योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य					
गैर वित्त पोषित लैब / प्रावधान	17003 {14638}	5398 {3714}	5639 {4598}	12388 {10330}	862 {805}
चिन्हित न हुए बीमांकिक लाभ / हानि					
तुलन–पत्र में मान्यता प्राप्त निवल देयता	(17003 {14638}	5398 {3714}	5639 {4598}	12388 {10330}	862 {805}

सारणी– 4 लाभ और हानि, ओसीआई / ईडीसी खाते में अभिस्वीकृत राशि

रूपए लाख में
(कोष्ठक मे दर्शाए आंकडे नकारात्मक शेष को प्रदर्शित करते हैं।)

विवरण	उपदान	छुट्टी का नकदीकरण	सेवानिवृत्ति के बाद के चिकित्सा लाभ	अस्वस्थता अवकाश	बैगेज भत्ता / सेवानिवृत्ति अवार्ड / एफबीएस
सेवा लागत	1941 {703}	307 {216}	168 {135}	573 {492}	50 {47}
ब्याज लागत	1134 {1099}	288 {470}	356 {295}	801 {751}	62 {59}
ओसीआई में वर्ष के लिए मान्यता प्राप्त निवल बीमांकिक (लाभ) / हानि	(137) {205}	1668 {835}	643 {616}	861 {(1)}	38 {12}
वर्ष के लिए लाभ और हानि / ईडीसी में मान्यता प्राप्त व्यय विवरण	3076 {1802}	2263 {1521}	1168 {1047}	2234 {1242}	217 {153}

अन्य प्रकटन

उपदान	31.03.2017	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2014	31.03.2013
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	17003	14638	13741	11049	9611
बीमांकिक (लाभ)/हानि			2266	593	598
बीमांकिक (लाभ)/हानि ओसीआई के विवरण के माध्यम से मान्यता प्राप्त	(137)	(205)			
वर्ष के लिए लाभ एवं हानि/ईडीसी के विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय	3076	1597	3880	1917	1765

पीआरएमबी	31.03.2017	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2014	31.03.2013
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	5639	4598	3692	2326	2027
बीमांकिक (लाभ)/हानि	643	616	1118	118	89
बीमांकिक (लाभ)/हानि ओसीआई के विवरण के माध्यम से मान्यता प्राप्त	643	616	-	-	-
वर्ष के लिए लाभ एवं हानि/ईडीसी के विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय	525	1047	1433	357	300

छुट्टी	31.03.2017	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2014	31.03.2013
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	5398	3714	5875	4909	4266
बीमांकिक (लाभ)/हानि	1668	835	2131	938	740
वर्ष के लिए लाभ एवं हानि/ईडीसी के विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय	2263	1521	2876	1562	1308

अस्वस्थता अवकाश	31.03.2017	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2014	31.03.2013
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	12388	10330	9382	4664	4594
बीमांकिक (लाभ)/हानि	861	(1)	4288	(467)	176
वर्ष के लिए लाभ एवं हानि/ईडीसी के विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय	2234	1242	5147	146	736

बैगेज भत्ता / सेवानिवृत्ति अवार्ड / एफबीएस	31.03.2017	31.03.2016	31.03.2015	31.03.2014	31.03.2013
वर्ष के अंत में दायित्व का वर्तमान मूल्य	862	805	735	632	654
बीमांकिक (लाभ) / हानि	38	12	64	(86)	125
बीमांकिक (लाभ) / हानि ओसीआई के विवरण के माध्यम से मान्यता प्राप्त	38	12			
वर्ष के लिए लाभ एवं हानि / ईडीसी के विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय	112	149	118	5	211

16. लेखा परीक्षकों को भुगतान (सेवा कर सहित)

(रूपए लाख में)

		2016-17	2015-16
I.	सांविधिक लेखा परीक्षा शुल्क	10*	10*
II.	कराधान मामलों के लिए (कर लेखा परीक्षा)	2	2
III.	कंपनी कानून मामलों के लिए	-	-
IV.	प्रबंधन सेवाओं के लिए	-	-
V.	अन्य सेवाओं के लिए (प्रमाणन)	1	6
VI.	व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए	2	2

*वार्षिक आम सभा में अनुमोदन के अध्यधीन

17. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुसार अपेक्षित अतिरिक्त सूचनाएं इस प्रकार है

(रूपए लाख में)

	विवरण	2016-17	2015-16
क	**विदेशी मुद्रा में व्यय (नकद आधार पर)**		
	यात्रा	14	27
	परामर्श और व्यावसायिक व्यय	293	249
	प्रबंधन / प्रतिबद्धता शुल्क	125	308
	ऋण एवं ब्याज की चुकौती		0
	माल का आयात	12517	8781
	अन्य (अग्रिम)		0
	सम्मेलन के लिए नामांकन		
	साफ्टवेयर की खरीद		
	अन्य		3746
	कुल	**12949**	**13111**
ख	**विदेशी मुद्रा में अर्जन (नकद आधार पर)**	**0**	**0**
ग	**सीआईएफ आधार पर परिकलित आयातों का मूल्य**		
	i) पूंजीगत माल	13087	8809
	ii) अतिरिक्त पुर्जे		
	कुल	**13087**	**8809**
घ	**उपभोज्य घटकों, स्टोर्स और अतिरिक्त पुर्जों का मूल्य**		
	i) आयातित (लाख रूपए में)	68	51
	(%)	14	6
	ii) देशी (लाख रूपए में)	444	749
	(%)	86	94
ड	**निर्यात का मूल्य**	**0**	**0**

18. लाइसेंसशुदा तथा संस्थापित क्षमताएं :

क्र.सं.	विवरण	2016-2017	2015-2016
(i)	लाइसेंसशुदा क्षमता (मे.वा.)	लागू नहीं**	लागू नहीं**
(ii)	संस्थापित क्षमता (मे.वा.)	1513 मे.वा.	1400 मे.वा.
(iii)	अनुमोदित क्षमता (मे.वा) सीसीईए के निवेश अनुमोदन पर आधारित)	2981 मे.वा.	2868 मे.वा.
(iv)	बिजली के उत्पादन एवं बिक्री के संबंध में मात्रात्मक सूचना (मिलियन यूनिटों में)		
	वाणिज्यिक उत्पादन		
	कुल उत्पादन	**4430.000424**	**4348.29007**
	बिक्री (गृह राज्य को नि:शुल्क विद्युत देने और अनुषंगी खपत एवं रूपांतरण के बाद निवल)	**3890.65028**	**3812.82617**

** विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 7 के अनुसार कोई भी उत्पादक कंपनी, इस अधिनियम के तहत लाइसेंस प्राप्त किए बिना उत्पादन स्टेशन स्थापित कर सकती है, प्रचालन कर सकती है, अनुरक्षित कर सकती है और उत्पादन कर सकती है। इसलिए लाइसेंसशुदा क्षमता लागू नहीं है।

19. नकदी प्रवाह विवरण और तुलन पत्र के बीच नकद एवं नकद प्रवाह का मिलान निम्नानुसार है:

(लाख रूपये में)

विवरण	टिप्पणी सं.	31.03.2017	31.03.2016
नकदी तथा नकदी समतुल्य	9	6707	7558
लियन के तहत बैंक शेष	10	25037	37
ओवर ड्राफ्ट शेष	21	-38724	-3677
नकदी प्रवाह विवरण के अनुसार नकदी एवं नकदी समतुल्य		-6980	3918

20. वर्ष के दौरान 8 नवंबर, 2016 से 31 दिसंबर, 2016 के दौरान धारित विनिर्दिष्ट बैंक नोट (एसबीएन) एवं लेन–देन के विवरणों पर एमसीए अधिसूचना जीएसआर 308(ई) में यथा प्रस्तावित कंपनी के पास विनिर्दिष्ट बैंक नोट या अन्य मूल्यवर्ग के नोट की, अधिसूचना के अनुसार मूल्य वर्गवार एसबीएन एवं अन्य नोटों का विवरण निम्नवत है :

(₹)

	एसबीएन (₹)	अन्य मूल्यवर्ग नोट (₹)	कुल (₹)
08.11.2016 को हाथ में अंतिम राशि	296500.00	117475.00	413975.00
(+) अनुमत प्राप्तियां	0.00	522421.00	522421.00
(-) अनुमत भुगतान	500.00	264203.00	264703.00
(-) बैंक में जमा राशि	296000.00	84407.00	380407.00
30.12.2016 को हाथ में अंतिम राशि	0.00	291286.00	291286.00

स्पष्टीकरण – इस खंड के प्रयोजनों के लिए ''विनिर्दिष्ट बैंक नोट'' शब्द का वही अर्थ है जो भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग की अधिसूचना सं. एसओ 3407(ई) दिनांक 8 नवंबर, 2016 में वर्णित है।

21. पिछले वर्ष के आंकड़ों को चालू वर्ष के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए यथावश्यक पुनः समूहबद्ध/पुनः वर्गीकृत किया गया है।

कृते निदेशक मंडल की ओर से

(रश्मि शर्मा)
कंपनी सचिव
एम नं. 026692

(श्रीधर पात्रा)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन:06500954

(डी.वी. सिंह)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन:03107819

हमारी सम दिनांक की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते पी.डी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
आईसीएआई का एफआरएन–001049सी

(आशीष कुमार अग्रवाल)
साझेदार सदस्यता संख्या – 077178

दिनांक: 31 अगस्त, 2017
स्थान: ऋषिकेश

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,

सदस्य गण

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड

इंड एएस वित्तीय विवरणों के संबंध में रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2017 तक की स्थिति के अनुसार टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (कंपनी) के इंड एएस वित्तीय विवरणों तथा उसके साथ समाविष्ट उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ–हानि (अन्य व्यापक आय सहित) विवरण तथा इक्विटी में परिवर्तन और नकदी प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियों के सार और अन्य व्याख्यात्मक सूचनाओं की लेखा परीक्षा की है।

इंड एएस वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी का निदेशक मंडल, कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 134(5) में वर्णित मामलों के लिए इंड एएस वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेदार हैं जो कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन और नगदी प्रवाह अन्य व्यापक आय सहित तथा कंपनी की इक्विटी में परिवर्तन को सामान्यतः भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुपालन के साथ कंपनी के संगत नियमों के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानकों (इंड एएस) सहित एक सही और स्पष्ट दृश्य प्रस्तुत करते हैं।

इस जिम्मेदारी में कंपनी की परिसंपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड के रख–रखाव और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने, उचित लेखांकन नीतियों का चयन करने और उन्हें लागू करने, उन पर निर्णय करने और उन अनुमानों पर जो कि उचित, व्यावहारिक और परिकल्पित कार्यान्वित और आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का रख–रखाव करने जिससे लेखा रिकार्ड सही व पूर्ण हों, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रभावशाली प्रचालन, इंड एएस वित्तीय विवरणों को तैयार करने से संबंधित तैयारियां करने तथा जो सही और उचित दृश्य प्रस्तुत करते हैं भले ही वे धोखाधड़ी और अशुद्धि के कारण हों, इन्हें तैयार और प्रस्तुतीकरण के लिए संगत डिजाइन, कार्यान्वयन और आंतरिक नियंत्रण का रख–रखाव भी इसमें शामिल हैं।

लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर इंड एएस वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करना है।

हमने अधिनियम के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए लेखांकन और लेखापरीक्षण मापदंडों और मामले, जिनको अधिनियम और उसके तहत बने नियमों के प्रावधानों के तहत लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल किए जाने की आवश्यकता है, को ध्यान में रखा है।

हमने अधिनियम की धारा 143(10) के तहत विनिर्दिष्ट इंड एएस वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा पर मानकों के अनुसार लेखापरीक्षा की है। इन मानकों में अपेक्षा की गई है कि हम नैतिक अपेक्षाओं का पालन करें और क्या इंड एएस वित्तीय विवरण गलतबयानी से मुक्त हैं, के बारे में समुचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा की योजना बनाएं और निष्पादन करें।

लेखापरीक्षा में इंड एएस वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटनों के बारे में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं का निष्पादन करना शमिल है। चयनित प्रक्रियाएं इंड एएस वित्तीय विवरणों की गलतबयानी, चाहे धोखाधड़ी या अशुद्धि के कारण हो, के मूल्यांकन सहित लेखापरीक्षक के अनुमान पर निर्भर करती हैं। उन जोखिम मूल्यांकनों को बनाने में लेखापरीक्षक इंड एएस वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उचित प्रस्तुतिकरण पर कंपनी के संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर विचार करता है ताकि लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं, जो परिस्थितियों में उपयुक्त है, तैयार की जा सकें। लेकिन वित्तीय रिपोर्टिंग और ऐसे नियंत्रणों को प्रभावी तरीकों से प्रचालित करने की एक पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था कंपनी में है उस पर विचार व्यक्त करने के प्रयोजन के लिए नहीं है। लेखापरीक्षा में प्रयुक्त लेखाकरण नीतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन और कंपनी के निदेशकों के द्वारा बनाए गए लेखाकरण अनुमानों की तर्कसंगति के साथ–साथ इंड एएस वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतिकरणों का मूल्यांकन भी शामिल है।

हमारा विश्वास है कि हमारे वित्तीय विवरणों पर प्राप्त किया गया लेखा परीक्षा साक्ष्य हमारी लेखा परीक्षा पर राय के लिए आधार देने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

राय

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार इंड एएस वित्तीय विवरण अधिनियम द्वारा अपेक्षित, यथा अपेक्षित ढंग से, सूचना देते हैं और भारत में स्वीकार्य सामान्य लेखांकरण सिद्धांतों के अनुरुप सही व निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करते हैं :

(क) कंपनी के कार्य के संबंध में तुलनपत्र के मामले में, दिनांक 31 मार्च, 2017 को ;

(ख) हानि व लाभ विवरणों और व्यापक आय सहित के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ के लिए; और

(ग) नकदी प्रवाह विवरण के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी का नकदी प्रवाह।

(घ) इक्विटी में बदलाव के विवरण के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में बदलाव।

मामले पर बल

हम इंड एएस वित्तीय विवरणों की टिप्पणी के संबंध में निम्नलिखित मामलों की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं–

(क) बिक्री के लेखाकरण के संबंध में इंड एएस वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 27.1 के साथ पठित राजस्व मान्यता पर लेखाकरण नीति सं. 13.1 के अनुसार वर्ष 2014–19 की अवधि के लिए अनंतिम रूप से अनुमोदित प्रशुल्क के आधार पर बिक्री को मान्यता दी गई है।

(ख) प्रासंगिक देयताओं के संबंध में इंड एएस वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 37 के पैरा 3, जिसमें दावे/मध्यस्थतन कार्यवाही तथा कंपनी द्वारा अथवा ठेकेदारों तथा अन्यों द्वारा न्यायालय में दायर मामलों के परिणामों की अनिश्चितता के संबंध में उल्लेख किया गया है।

(ग) 31.03.2017 को बकाया शेष राषि की पुष्टि हमारे द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के 90% शेष राशि तक प्राप्त की गई है।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय भिन्न नहीं है।

विधिक तथा विनियामक आवश्यकताओं के संबंध में रिपोर्ट

1. कंपनी के अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उपधारा (11) में उल्लिखित शर्तों के अनुसार भारत की केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए गए कंपनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2016 द्वारा यथापेक्षित विवरण उक्त आदेशों के पैराग्राफ 3 और 4 में विनिर्दिष्ट मामले के संबंध में **'अनुलग्नक क'** में प्रस्तुत हैं।

2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने कंपनी अधिनियम–2013 की धारा 143 की उपधारा (5) की शर्तों पर जांच वाले क्षेत्रों को दर्शाते हुए निर्देश जारी कर दिए गए हैं जिनका अनुपालन **'अनुलग्नक–ख'** में किया गया है।

3. अधिनियम की धारा 143 (3) द्वारा यथापेक्षित हम रिपोर्ट करते हैं कि:

(क) हमने वे सभी सूचनाएं देखी हैं और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारे द्वारा की जाने वाली लेखापरीक्षा के लिए आवश्यक हैं।

(ख) हमारी राय में बहियों की हमारी छानबीन से अब तक प्रतीत होता है कि कंपनी द्वारा विधि की अपेक्षानुसार उपयुक्त लेखा बहियां रखी गई हैं।

(ग) इस रिपोर्ट में शामिल किया गया तुलनपत्र, लाभ हानि (अन्य व्यापक आय सहित) विवरण और नकदी प्रवाह विवरण इक्विटी में परिवर्तन संबंधी विवरण का इस रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है जो लेखा विवरणों के अनुरुप है।

(घ) हमारी राय में एक मात्र उल्लिखित इंड एएस वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पठित धारा 133 के विशिष्ट लेखांकन मानकों के अनुरुप है।

(ड.) कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सं. जीएसआर 463 ई. दिनांक 05 जून, 2015 के अनुसार अधिनियम की धारा 164 (2) के प्रावधान जो निदेशकों की अनर्हता से संबद्ध है, कंपनी पर लागू नहीं है।

(च) कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामले में हमारी राय और सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार हैं–

I. कंपनी ने इसके वित्तीय स्थिति पर इसके वित्तीय विवरण पर लंबित कानूनी अड़चनों के प्रभाव का खुलासा कर

दिया है– इंड एएस वित्तीय विवरण की टिप्पणी 37.3 को देखें।

।।. कंपनी के पास गौण संविदाओं सहित दीर्घावधि संविदाओं में कोई भी ऐसी सामग्री नहीं हैं जिसमें हानि की संभावना हो।

।।।. कंपनी के निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि में किसी प्रकार की राशि अंतरित करने की आवश्यकता नहीं है।

iv कंपनी द्वारा दी गई सूचना के आधार पर 08 नवंबर, 2016 से 30 दिसंबर, 2016 की अवधि के दौरान अनुसूचित बैंक नोट में संपत्ति एवं लेन–देन को भारतीय लेखाकरण प्रणाली वित्तीय विवरणों में कंपनी ने अपेक्षित प्रकटन किया है। लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर प्रबंधन के प्रतिनिधियों पर निर्भर करते हुए हम रिपोर्ट देते हैं कि प्रकटन कंपनी द्वारा अनुरक्षित लेखा पुस्तकों तथा जैसा प्रबंधन द्वारा हमारी जानकारी के अनुसार प्रस्तुत किया है। कृपया नोट सं. 37.20 देखें।

पी. डी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म रजिस्ट्रेशन नं. 001049सी

(आशीष कुमार अग्रवाल)
सदस्यता सं. 077178

स्थान : ऋषिकेश

दिनांक: 31 अगस्त, 2017

अनुलग्नक–क

टीएचडीसी इंडिया लि. की लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट का भाग

("अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाएं" शीर्षक के अंतर्गत इसी तारीख की हमारी रिपोर्ट के पैराग्राफ 1 में संदर्भित अनुलग्नक 'क')

हम रिपोर्ट करते हैं कि:

i. (क) कंपनी ने सामान्य रूप से संपत्ति, संयंत्र और उपस्करों की मात्रा, विवरण और स्थिति सहित पूरे विवरण दर्शाते हुए संपत्ति, संयंत्र और उपस्करों का समुचित रिकार्ड रखा है। परिसंपत्तियों के संचालन के लिए रिकार्ड ठीक प्रकार से रखे गए हैं।

(ख) वर्ष के दौरान संपत्तियों, संयंत्र और उपस्करों की वास्तविक जांच सनदी लेखाकारों की स्वतंत्र फर्म द्वारा की गयी है तथा सत्यापन के दौरान संपत्तियों, संयंत्र और उपस्करों की वास्तविक जांच मे विसंगति नहीं देखी गई। हमारी राय में कंपनी के आकार एवं व्यवसाय की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए सत्यापन की बारंबारता उचित है।

(ग) हमें प्रदत्त सूचना एवं स्पष्टीकरण तथा हमारे द्वारा कंपनी के अभिलेख की जांच के आधार पर स्पष्ट होता है कि कंपनी की फ्री होल्ड तथा लीज आधार पर जमीन कंपनी के नए नाम टीएचडीसी इंडिया लि. से पहले टिहरी बाँध परियोजना अथवा टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन के नाम पर प्राप्त की गयी। टिप्पणी क्रमांक 37.6(ii) एवं (i) से विदित होता है कि स्वामित्व विलेख में 610.35 हेक्टे. फ्री होल्ड तथा 1.875 हेक्टे. लीज भूमि को पुराने नाम से नए नाम में परिवर्तित करने के लिए कार्रवाई की गयी।

ii. माल सूचियों की वास्तविक जांच सनदी लेखाकारों की स्वतंत्र फर्म द्वारा की गई है। हमारी राय में भौतिक सत्यापन की बारंबारता उचित है। माल सूचियों के भौतिक सत्यापन के दौरान कोई महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पायी गई।

iii. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के अंतर्गत रखे गए रजिस्टर में शामिल कंपनियों, फर्मों या अन्य पार्टियों से कंपनी ने कोई सुरक्षित अथवा असुरक्षित ऋण नहीं दिया है। तद्नुसार आदेश के पैराग्राफ–3 का खंड–(iii) (क) (ख) और (ग) लागू नहीं है।

iv. हमारी राय में तथा हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी ने ऋण, निवेश, गारंटी तथा प्रतिभूति के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–185 एवं 186 के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

v. कंपनी ने जनता से जमा राशियां स्वीकार नहीं की हैं, अतः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–73 से 76 तक तथा उसमें निहित अन्य संगत प्रावधानों और उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुपालन का प्रश्न नहीं उठता।

vi. केन्द्र सरकार ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा – 148 (1) के अंतर्गत लागत रिकार्डों का रखरखाव निर्धारित किया है। कंपनी आवश्यक लागत रिकार्ड बनाए रखती है। वित्त वर्ष 2014–15 के लिए लागत लेखा परीक्षा प्रक्रियाधीन है।

vii. (क) हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी अविवादित संवैधानिक देय राशियां उचित प्रधिकारियों के पास नियमित रूप से जमा करती है। इनमें भविष्य निधि, आयकर, बिक्रीकर, संपत्तिकर, सेवा कर तथा अन्य संवैधानिक देय, जो कंपनी पर लागू हैं, शामिल हैं। देय तिथि से छह महीने से अधिक अवधि के लिए कोई अविवादित संवैधानिक देय राशि 31 मार्च, 2017 को बाकी नहीं

थी। जैसा कि हमें बताया गया है, कंपनी पर राज्य बीमा अधिनियम लागू नहीं हैं।

(ख) हमें दी गयी सूचना और स्पष्टीकरण के आधार पर निम्नलिखित विवादित सेवा कर जमा नहीं किए गए हैं।

वित्त वर्ष	धनराशि (रू. लाख में)	देयताओं की प्रकृति	वर्तमान स्थिति
2012-13 से 2014-15	14.86	सेवा कर	टीएचडीसीआईएल ने मांग के विरुद्ध न्यायाधिकरण में अपील दायर की है।

viii. हमारे द्वारा अपनायी गई लेखापरीक्षा पद्धति तथा अभिलेखों के अनुसार तथा प्रदत्त सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने किसी वित्तीय संस्था, बैंक को ऋण अथवा उधार पर ली गई राशियों को लौटाने में कोई चूक नहीं की।

ix. हमारी राय में तथा कंपनी प्रबंधन द्वारा दी गयी सूचनाओं और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने वर्ष के दौरान जिस कार्य के लिए धन जुटाया था, वर्ष के दौरान उसी काम के लिए उनका इस्तेमाल किया।

x. भारत में आमतौर पर स्वीकृत लेखा पद्धति के अनुसार वर्ष के लिए कंपनी की खाता बहियों और अभिलेखों का परीक्षण करने के दौरान हमें या कंपनी द्वारा अथवा इसके अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा जालसाजी का कोई मामला नहीं मिला है और न ही प्रबंधन को इस तरह के मामले की कोई सूचना अथवा रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

xi. कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सं. जीएसआर 463 ई दिनांक 5 जून, 2015 के अनुसार प्रदत्त छूट तथा धारा 197 सह–पठित अधिनियम की अनुसूची V प्रबंधन पारिश्रमिक संबंधी प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं है।

xii. हमारी राय में कंपनी, निधि कंपनी नहीं है, इसलिए आदेश के खंड 3 (XII) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं है।

xiii. हमारी राय तथा हमें दी गयी सूचनाओं और स्पष्टीकरण के अनुसार संगत पार्टियों के सभी लेन–देन कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 117 एवं 188 के अनुरूप है तथा ऐसे लेन–देनों के विवरणों का यथा–अपेक्षित मान्य लेखा मानकों के अनुसार इंड एएस वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में खुलासा किया गया है।

(xiv) प्रबंधन द्वारा प्रदत्त सूचना तथा स्पष्टीकरण, लेखापरीक्षा प्रक्रिया निष्पादन के अनुसार कंपनी ने शेयरों का कोई अधिमानी अथवा प्राइवेट प्लेसमेंट अथवा पूर्ण अथवा आंशिक परिवतनीय डिवेंचरों का आबंटन समीक्षागत वर्ष के दौरान नहीं किया। अतएव आदेश के खंड 3 (XIV) के प्रावधान कंपनी पर लागू नही होते।

(xv) हमारी राय और कंपनी द्वारा प्रदत्त सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी में निदेशकों अथवा उनसे जुडे व्यक्तियों के साथ कोई गैर–नकदी लेन–देन नही किया अतएव आदेश के खंड 3 (XV) प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते।

(xvi) हमारी राय में कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45 आईए के अंतर्गत पंजीकृत कराने की आवश्यकता नहीं है और तदनुसार कंपनी पर आदेश खंड (XVI) के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

पी.डी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म रजिस्ट्रेशन नं. 001049सी

(आशीष कुमार अग्रवाल)
सदस्यता सं. 077178

स्थान : ऋषिकेश

दिनांक: 31 अगस्त, 2017

अनुलग्नक–ख

टीएचडीसी इंडिया लि. के लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का भाग

(इस तिथि को हमारी रिपोर्ट के 'अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाएं संबंधी रिपोर्ट' के अंतर्गत पैराग्राफ 2 में संदर्भित अनुलग्नक–ख)

क्र. सं.	निर्देश	लेख परीक्षक की टिप्पणी	प्रबंधन द्वारा की गई कार्रवाई	वित्तीय विवरणों पर प्रभाव
1	क्या कंपनी के पास क्रमशः फ्री होल्ड तथा लीज होल्ड के स्पष्ट स्वामित्व/लीज विलेख की अनुमति है, यदि नहीं तो कृपया फ्री होल्ड और लीज होल्ड भूमि का क्षेत्रफल बताएं जिसके लिए स्वामित्व/लीज विलेख उपलब्ध नहीं है।	कंपनी के टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के परिवर्तित नाम से पूर्व फ्रीहोल्ड तथा लीज होल्ड भूमि या तो टिहरी बांध परियोजना अथवा टिहरी हाइड्रो डेवलपमेन्ट कारपोरेशन के नाम से प्राप्त की गई। स्वामित्व विलेख को नए नाम में परिवर्तित कराने के लिए कार्रवाई प्रारंभ की जा चुकी है अर्थात ये फ्रीहोल्ड भूमि 610.35 हे. तथा लीज होल्ड भूमि 1.875 है. का विवरण टिप्पणी 37.6 (ii) और (i) में दिया गया है।	पुराने नाम से नए नाम में परिवर्तन कराने हेतु मामला राजस्व प्राधिकारियों के पास है।	शून्य
2	कृपया ऋण/उधार/ब्याज आदि को माफ करने संबंधी कोई प्रकरण हैं। यदि हां तो उसके कारण और उसमें शामिल राशि बताएं।	हमें प्राप्त जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार ऋण/उधार/ब्याज आदि माफ करने संबंधी कोई प्रकरण नहीं है।	लागू नहीं	शून्य
3	क्या अन्य पक्ष के पास उपलब्ध माल सूचियों तथा सरकार अथवा अन्य प्राधिकारियों से उपहार/अनुदान(ों) के रूप में प्राप्त परिसंपत्तियों का समुचित अभिलेख रखा जा रहा है।	हमें प्रदत्त सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी, अन्य पक्ष के पास उपलब्ध माल सूचियों का समुचित अभिलेख रख रही है। प्राप्त सूचना के अनुसार कंपनी को सरकार अथवा अन्य प्राधिकारियों से कोई संपत्ति उपहार/अनुदान के रूप में प्राप्त नहीं हुई है।	समुचित अभिलेख का रख–रखाव किया जा रहा है।	शून्य

कृति पी.डी. अग्रवाल एंड कं.

सनदी लेखाकार

फर्म रजिस्ट्रेशन नं. 001049सी

(अशीष कुमार अग्रवाल)

सदस्यता संख्या – 077178

स्थान : ऋषिकेश

दिनांक : 31.08.2017

अनुलग्नक–ग

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का भाग

(इसी तिथि की हमारी रिपोर्ट के पैराग्राफ 3 (एफ) में 'अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाएं संबंधी रिपोर्ट' में संदर्भित अनुलग्नक 'ग')

कंपनी अधिनियम 2013(अधिनियम) की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रिपोर्ट

हमने **टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड** (कंपनी) की 31 मार्च, 2017 की वित्तीय रिपोर्ट की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के साथ इंड एएस वित्तीय विवरणों की इसी तारीख को समाप्त वर्ष की लेखापरीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हेतु प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी प्रबंधन अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय लेखांकन मानदंडों पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और उसके रख–रखाव के लिए जिम्मेदार है। इंस्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट ऑफ इंडिया(आईसीएआई) द्वारा आंतरिक वित्तीय लेखांकन की लेखा परीक्षा संबंधी मार्गदर्शी नोट में आंतरिक नियंत्रण का उल्लेख है। इन जिम्मेदारियों में डिजाइन, कार्यान्वयन तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शामिल है जिसमें कार्य के सटीक एवं दक्षतापूर्ण संचालन सुनिश्चित करना शामिल है। इसमें कंपनी अधिनियम 2013 की अपेक्षाओं के अनुरूप कंपनी की नीतियों, परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और गलतियों का पता लगाने, लेखांकन अभिलेखों की पूर्णता तथा वित्तीय सूचनाओं की नियत समय पर तैयारी शामिल है।

लेखा परीक्षक की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी, हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय लेखांकन पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर राय व्यक्त करना है। हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) में निर्धारित तथा 'आईसीएआई' द्वारा जारी लेखा परीक्षा के मानक आंतरिक वित्तीय नियंत्रण विवरण (द गाइडेंस नोट) पर लागू हैं और ये दोनों ही 'आईसीएआई' द्वारा जारी है। इस मानक और मार्गदर्शी नोट की अपेक्षा है कि हम नीतिगत अपेक्षाओं तथा योजना का पालन करें और लेखा परीक्षा कर यह औचित्यपूर्ण आश्वासन प्राप्त करें कि वित्तीय लेखांकन पर समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रखा गया तथा यह नियंत्रण सभी दशाओं में प्रभावी रूप से लागू किया गया।

हमारी लेखा परीक्षा में निष्पादन प्रक्रिया लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता, वित्तीय लेखांकन और उसके प्रचालनीय प्रभाव पर आधारित है। हमारी वित्तीय लेखांकन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा परीक्षा वित्तीय लेखांकन के जोखिम मूल्यांकन का वास्तविक जोखिम निर्धारण है तथा परीक्षण और डिजाइन तथा आंतरिक नियंत्रण में जोखिम अनुमान के संचालनीय प्रभाव पर आधारित है। चयनित प्रक्रियाएं वित्तीय विवरणों की समग्र गलत बयानी, चाहे धोखाधड़ी या अशुद्धि के कारण हो, के मूल्यांकन सहित लेखा परीक्षक के अनुमान पर निर्भर करती है।

हमारा विश्वास है कि हमारे वित्तीय विवरणों पर प्राप्त किया गया लेखा परीक्षा साक्ष्य कंपनी के वित्तीय लेखांकन की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखा परीक्षा पर राय को आधार देने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का तात्पर्य

किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जो सामान्य स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार, बाह्य उद्देश्य हेतु वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीय तथा वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए औचित्यपूर्ण आश्वासन देती है। किसी कंपनी का वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो (i) कंपनी की परिसंपत्तियों के अभिलेख के रखरखाव तथा औचित्यपूर्ण विवरण के साथ सही और पूर्ण संव्यवहार तथा निपटान को प्रदर्शित करें (ii) उचित आश्वासन दिया जाए कि वित्तीय रिपोर्टिंग तैयार करने हेतु लेन–देन को अभिलिखित करना सामान्य स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार अनिवार्य है तथा कंपनी के प्रबंधन तथा निदेशकों के प्राधिकार से आय–व्यय विवरण तैयार किया गया है तथा (iii) कंपनी की परिसंपत्तियों का अनधिकृत उपयोग, निपटान, अधिग्रहण, जिनका वित्तीय रिपोर्टिंग पर प्रभाव पड़ सकता है उसकी रोकथाम अथवा यथासमय पता लगाना।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण की अन्तर्निहित सीमा

वित्तीय रिपोर्टिंग जिसमें धोखाधड़ी अथवा अनुचित प्रबंधन के अधिभावी नियंत्रण की संभावना सहित गलत विवरण, त्रुटि अथवा जालसाजी भी हो सकती है, की अन्तर्निहित सीमा के कारण, पता नहीं लगाया जा सके। वित्तीय रिपोर्टिंग का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की भावी अवधि हेतु कोई भी मूल्यांकन जोखिम भरा हो सकता है, स्थितियों में परिवर्तन के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय रिपोर्टिंग अपर्याप्त हो सकती है। नीतियों अथवा प्रक्रियाओं के अनुपालन स्थिति में गिरावट आ सकती है।

राय

हमारी राय में कंपनी में वित्तीय लेखांकन पर सभी प्रकार की पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और वित्तीय लेखांकन यह आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली 31 मार्च, 2017 को प्रभावी तरीके से प्रचालनीय है। कंपनी द्वारा स्थापित आंतरिक नियंत्रण रिपोर्टिंग मानदंड आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए आईसीएआई द्वारा आंतरिक वित्तीय रिपोर्टिंग की लेखा परीक्षा हेतु जारी मार्गदर्शी नोट पर आधारित है।

कृते पी.डी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीयन सं. 001049सी

(अशीष कुमार अग्रवाल)
सदस्यता संख्या – 077178

स्थान : ऋषिकेश
दिनांक : 31.08.2017

No. MAB-III/Rep/01-98/A/cs-THDC/2017-18/Vol.-III/784

भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग

कार्यालय प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखा परीक्षा
एवं पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड–।।।
नई दिल्ली

INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT

Office of the Principal Director of Commercial Audit
& Ex-officio Member, Audit Board-III
New Delhi

सत्यमेव जयते

दिनांक: 13/09/2017

सेवा में,

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड,
ऋषिकेश।

विषय: 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश के वार्षिक लेखाओं पर कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(b) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक–महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ।

महोदय,

मैं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश के 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लेखाओं पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(b) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ अग्रेषित कर रही हूं। कृपया इस पत्र की संलग्नकों सहित प्राप्ति की पावती भेजी जाए।

संलग्न : यथोपरि

भवदीया,
ह./-
(रितिका भाटिया)
प्रधान निदेशक

छठा एवं सातवाँ तल, सी.ए.जी,. भवन एनेक्सी, 10, बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002
6th & 7th Floor, C.A.G. Building, Annexe, 10, Bahadurshah Zafar Marg, New Delhi -110 002
Tel.: 011-23239213, 23239235, Fax: 011-23239211; E-mail: mabnewdelhi3@cag.gov.in

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (बी) के अंतर्गत नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी अधिनियम, 2013(अधिनियम) के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुरुप वित्तीय विवरण तैयार करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 139 (5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक की अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखा–परीक्षा के मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत इन वित्तीय विवरणों पर विचार व्यक्त करने की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह कार्य अपनी दिनांक 31 अगस्त, 2017 की लेखा परीक्षा रिपोर्ट के तहत किया है।

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की ओर से मैंने अधिनियम की धारा 143 (6) (क) के अंतर्गत 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखा परीक्षा की है। यह अनुपूरक लेखा परीक्षा सांविधिक लेखापरीक्षकों के कार्यशील प्रपत्रों को देखे बिना स्वतंत्र रूप से की गई है तथा यह मुख्यतः सांविधिक लेखा परीक्षकों और कंपनी के कार्मिकों से पूछताछ तथा कुछ लेखाकरण रिकार्डों के चयनात्मक जांच–पड़ताल तक सीमित है।मेरी लेखापरीक्षा के आधार पर मेरी जानकारी में ऐसा कुछ भी उल्लेखनीय तथ्य नहीं आया है जिसके कारण इस पर या सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर कुछ टिप्पणी की जाए।

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक
के लिए एवं उनकी ओर से

प्रतिहस्ताक्षरित
(रितिका भाटिया)
प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखापरीक्षा
एवं पदेन सदस्य, नई दिल्ली लेखा परीक्षा बोर्ड–III
नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13 सितंबर, 2017



टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

(भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of U.P.)
CIN : U45203UR1988GOI009822

कॉरपोरेट कार्यालय: गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाई–पास रोड, ऋषिकेश–249201 (उत्तराखंड)
Corporate Office: Ganga Bhawan, Pragatipuram, Bye-Pass Road, Rishikesh - 249201